# *Delhi Public School, Howrah*

**FINAL EXAMINATION (2024-2025)**

**Class-VIII**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**SUBJECT: HINDI (3RD LANGUAGE)**

**अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट** **कुल अंक- 40**

**सामान्य निर्देश :-**

**1. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**

**2. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।**

**(अपठित गदयांश)**

**प्रश्न (1) दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1X5=5)**

एक रात श्रवण अपने अंधे माँ-बाप को तीर्थयात्रा कराने ले जा रहा था। रास्ते में उन्हें बड़ी ज़ोर से प्यास लगी। पास में कहीं पानी न था। श्रवण घड़ा लेकर पानी की तलाश में निकल पड़ा। बहुत दूर एक नदी मिली। नदी से पानी भरने लगा। अँधेरा काफ़ी था। नदी के पास के जंगल में राजा दशरथ शिकार खेल रहे थे। राजा बाण चलाने में बहुत निपुण थे। वे आवाज़ सुनकर निशाना लगा सकते थे। निशाना ऐसा लगता था कि जहाँ से आवाज आती, तीर ठीक वहीं जा लगता था। इसमें कभी ग़लती नहीं होती थी।

जिस समय श्रवण नदी से पानी भर रहा था, उस समय घड़े के पानी में डूबने से आवाज़ हुई। राजा ने समझा कि कोई जंगली हाथी पानी पी रहा है। उन्होंने उस आवाज़ को निशाना बनाकर एक तीर छोड़ दिया। तीर श्रवण की छाती में जा लगा।

राजा दशरथ जब वहाँ पहुँचे तो उन्होंने देखा कि उनके तीर से एक व्यक्ति घायल हो गया है। उस व्यक्ति ने अपना नाम श्रवण बताया। उसे गहरी चोट लगी थी। वह कराह रहा था। यह देखकर राजा को बड़ा दुख हुआ। राजा ने उसे बचाने की कोशिश की किंतु वह मर गया।

**(क) श्रवण कुमार अपने अंधे माँ-बाप को कहाँ ले जा रहा था?**

**(ख) श्रवण नदी पर क्यों गया था?**

**(ग) बाण चलाने में राजा दशरथ की क्या विशेषता थी?**

**(घ) राजा दशरथ ने क्या सोचकर श्रवण पर बाण चला दिया?**

**(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

**प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए** **(1X3=3)**

(क) पर्व - (ख) दर्द - (ग) अभाव -

**प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-** **(1X2=2)**

(क) अत्यंत (ख) होली

**प्रश्न (4) निम्नलिखित कथन किसने-किससे कहा ?** **(1X1=1)**

तो फिर हम इस कूड़े के निपटान के लिए क्या करें ?

**प्रश्न (5) उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** **(1X4=4)**

(क) पेंसिल में समय के साथ कई ---------------किए गए हैं।

(ख) गंदे जल में --------------------------------------- होते हैं।

(ग) कूड़े के सड़ने से ------------------------------ पैदा होते हैं।

(घ) डॉक्टर ने विनीत को दिन में ---------------- बार ब्रश करने की सलाह दी।

**प्रश्न (6) सही कथन के सामने (सही) और गलत कथन के सामने (गलत) लिखें-** **(1X2=2)**

(क) पेंसिल से लिखे हुए गलत शब्द को मिटाया जा सकता है। ( )

(ख) होली रंगों का त्योहार है । ( )

**प्रश्न (7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **(2X5=10)**

(क) त्योहार मानवता के संसार को किस प्रकार महकाते हैं?

(ख) पेंसिल मनुष्य को क्या संदेश देती है?

(ग) हम अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा कैसे कर सकते हैं?

(घ) दाँतों में कैविटी को होने से कैसे रोका जा सकता है ?

(ङ) राजा के आदेश को सुनकर नेत्रहीन व्यक्ति क्यों हँसा ?

## (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न (8) नीचे दिए गए अंग्रेजी अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में करें-** **(3)**

Once there was a lion in the jungle. He was sleeping. A mouse lived nearby. It came out of its hole. It began to jump over the lion. The lion woke up. He caught the mouse. The mouse begged for mercy. The lion took pity on it. He let it go.

**प्रश्न (9)"पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया" अथवा "सच्चा मित्र"** - दिए गए विषयों में से किसी एक पर **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- **(5x1=5)**

**प्रश्न (10) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए तथा इस चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों में कीजिये ।** **(5x1=5)**